ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा–846004

सूचना

एतद् द्वारा निदेशानुसार सूचित किया जाता है कि स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर सत्र 2024–26 में नामांकन हेतु पाँचवी चयन सूची से नामांकन के उपरान्त रिक्त बचे सीटों पर ***"ऑनलाईन ऑन–स्पॉट"*** नामांकन हेतु अनामांकित छात्र/छात्राओं ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के वेबसाईट www.lnmu.ac.in पर दिनांक– 30.12.2024 से 31.12.2024 तक ऑनलाईन स्नातकोत्तर विभाग/महाविद्यालय का चयन कर सकते है। विदित हो कि कई विषयों में पाँचवी सूची में चयनित छात्र/छात्राओं के नामांकनोपरान्त रिक्त सीटों की संख्या नगण्य है। स्नातकोत्तर विभाग/महाविद्यालय एवं विषयवार रिक्त सीटों की सूची ऑनलाईन चयन करने के क्रम में छात्र/छात्राओं को दिखाई देगी, तदनुसार नामांकन के इच्छुक छात्र/छात्रा एक स्नातकोत्तर विभाग/महाविद्यालय का विकल्प अपने ऑनलाईन चयन करेंगे। छात्रों के द्वारा चयनोपरान्त रिक्त सीटों की संख्या क्रमशः घटती चली जायेगी। स्नातकोत्तर विभाग/महाविद्यालय के जिस विषय में रिक्त सीटों की संख्या शुन्य हो जाने पर वैसे विषय में स्नातकोत्तर विभाग/महाविद्यालय चयन होना बंद हो जायेगा।

आवेदित अनामांकित छात्र/छात्रा विश्वविद्यालय के नामांकन पोर्टल पर दिनांक– 30.12.2024 से 31.12.2024 तक रिक्त बचे सीटों के विरूद्ध अपना यूजर आई–डी एवं पासवर्ड (User I.D and password) के द्वारा लॉग–इन (login) कर स्नातकोत्तर विभाग/महाविद्यालय का चयन कर सकते हैं। स्पॉट राउण्ड नामांकन पोर्टल दिनांक– 30.12.2024 पूर्वाह्न 11:00 बजे से सक्रिय (Active) होगा। ऑनलाईन ऑन–स्पॉट के तहत् चयनित छात्र/छात्राओं का चयन सूची दिनांक– 02.01.2025 को विश्वविद्यालय के वेबसाईट पर जारी की जायेगी। छात्र/छात्रा अपना चयन–पत्र (Selection letter) डाउनलोड कर ***दिनांकः– 03.01.2025 से 04.01.2025 तक*** आवंटित विभाग/महाविद्यालय में अपना नामांकन ले सकते हैं।

26/12/24

अध्यक्ष, छात्र–कल्याण